## CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

### Situation arising out of the strikes and agitations of farmers in different parts of the country on the issue of cane price

[Mr. Deputy chairman in the Chair.]

SHRI NARASINGH NARAIN PANDEY (Uttar Pradesh); Sir, I call the attention of the Minister of Agriculture and Rural Reconstruction to the situation arising out of the strikes and agitations of farmers in different parts of the country on the issue of cane price, affecting production of sugar, gur and khandsari.

**श्री शिव चन्द्र झा** (बिहार) : मेरा प्वाइंट आफ आर्डर है, जरा सुन लीजिए।

**श्री उपसभापति** : क्या प्वाइंट आफ आर्डर है ?

**श्री शिव चन्द्र झा** : मेरा प्वाइंट आफ आर्डर यह है कि यह जो कालिंग अटैन्शन का विषय है, यह एक ही बात के ऊपर आता रहा है। जैसा कि आप याद करेंगे, 17 तारीख को भी यही बात आई, 24 तारीख को भी यही बात आई और आज भी यही बात आ रही है। एक ही विषय पर क्या आप रोज चर्चा करवाना चाहते हैं। बहुत से और इम्पार्टेन्ट विषय हैं, उन सबों को नहीं लिया जाता। आप इस पर कोई तरीका बनाइये। मैं यह नहीं कहता कि यह विषय क्यों लिया गया है, लेकिन यह विषय दो-तीन बार आ गया है, इसलिए आप. . .

(*Interruptions*)

**श्री उपसभापति** : यह विषय भिन्न है। जो पहले के कालिंग अटैन्शन के विषय थे और जो आज का विषय है, यह भिन्न है। एक ही विषय, हो सकत है, कि किसानों से संबंधित हो, प्राइसेज से संबंधित हो लेकिन यह दूसरी चीज है, यह शुगरकेन की प्राइस से संबंधित है— It concerns the sugarcane price. यह विषय पहले सबमिट नहीं हुआ है।

**श्री शिव चन्द्र झा** : लेकिन आप कोई तरीका बनाएं।

**डा० भाई महावीर** (मध्य प्रदेश) : जैसा कि माननीय सदस्य ने कहा और भी बहुत से महत्वपूर्ण विषय हैं. . .

(*Interruptions*)

**श्री उपसभापति** : ठीक है, और भी विषय हो सकते हैं. . . (*Interruptions*) आप प्रस्ताव कीजिए, चैयरमैन साहब फैसला करेंगे।

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND RURAL RECONSTRUCTION AND IRRIGATION (RAO BIRENDRA SINGH); They can discuss with the Chairman in the Chamber. They should not question the decision of the Chair.

**श्री शिव चन्द्र झा** : लेकिन यह विषय. . .

(*Interruptions*)

**श्री उपसभापति** : झा साहब आप बैठिए, आपने अपनी बात कह दी है। विषय और भी हो सकते हैं।

**श्री शिव चन्द्र झा** :. . . (*Interruptions*) विषय तो डिफेन्स के मुतल्लिक हैं और दूसरे भी विषय हैं. . . (*Interruptions*)

**श्री उपसभापति** : आप विषय दीजिए। अब इनको कृपा करके बोलने दीजिए।

**राव बीरेन्द्र सिंह**: और भी सुन लीजिए इनके प्वाइन्ट आफ आर्डर इकट्ठे. . .

(*Interruptions*)

श्री शिव चन्द्र झा : इस विषय पर फिर से विचार हो रहा है। यह नया विषय नहीं है।

श्री उपसभापति : नये-नए विषय प्रतिदिन लिए जा रहे हैं। कोई एक विषय रिपीट नहीं हो रहा है।

श्री शिव चन्द्र झा : आप जरा ठीक से पढ़िये। . . . *(Interruptions)*

श्री उपसभापति : माननीय मंत्रीजी . . . *(Interruptions)*

राव बीरेन्द्र सिंह : कोई और प्वाइंट आफ आर्डर हो, वह भी सारा सुन लीजिए न इकट्ठा।

श्री उपसभापति : वह तो समय-समय पर उठता ही रहेगा।

राव बीरेन्द्र सिंह : चैयर का जो डीसोजन है, उसको क्वेश्चन कर रहे हैं, क्या यह प्वाइंट आफ आर्डर है ?

डा० भाई महावीर : चेयर के सामने हम सबमिशन कर रहे हैं कि एक ही विषय बार-बार आता है। सदन के समय का सदुपयोग ही होगा यदि और विषय भी लाए जाएं।

राव बीरेन्द्र सिंह : वह चेम्बर में जाकर आप बात करें। You are wasting the time of the House.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Order, please.

श्री शिव चन्द्र झा : कालिंग अटेन्शन के लिए स्वीकृति ली जाती है। आपको बताना चाहिए कि विषय आएगा। आपको यह विषय बार-बार नहीं लेना चाहिए।

श्री उपसभापति : अब कहने दीजिए, बार-बार डिस्टर्ब क्यों कर रहे हैं ?

RAO BIRENDRA SINGH; Sir, Government considers that the agitation which has been started in certain areas of Maharashtra and the proposed start of similar agitation in U.P. and elsewhere is essentially of political nature.

It is an accepted policy of the Government that the -. • *(Interruptions)*

श्री शिव चन्द्र झा : यह बात तो आप सदा कहते हैं।

राव बीरेन्द्र सिंह : मैं तो रोज कहूंगा। आप मुझे कैसे रोकोगे।

श्री शिव चन्द्र झा : यह तो केवल रेपीटीशन चल रहा है . . . *(Interruptions)*. हम इसको मंजूर नहीं करेंगे।

राव बीरेन्द्र सिंह : आपको समझाना जो है, इसलिए रोज कहूंगा। यह आपको समझाने के लिए जरूरी है . . *(Interruptions)*

Sir, it is an accepted policy of the Government that the growers should be paid remunerative prices for their produce so that they have an incentive for sustained increases in production.

The Central Government fixes only the statutory minimum price for sugarcane which is supplied to sugar factories. The minimum statutory cane price is in the nature of a support price which ensure-, that even in a year of glut the sugarcane grower gets a reasonable price for his crop. Government has been fully alive to the increasing cost of producing sugarcane over the years and this can verv clearly be seen from the fact that the statutory minimum sugarcane price was Rs. 8.50 per quintal linked to a recovery of Rs. 8.5% between the years 1975 to 1978. For the same recovery the minimum cane price was raised to Rs. 10 per quintal in 1973-79

[राव वीरेन्द्र सिंह]

and was further raised to Rs. 12 30 otr quintal in 1979-80. During the current season of 1980-81 the minimum sugarcane price was fixed at Rs 13 per quintal linked to a recovery of 8.5%. The statutory cane price has got a bearing on the cost of ex-factory levy price of sugar, and thus on the ultimate price of sugar distributed to the consumer through the public distribution system. The Government have to keep in view the interests of not only the producer but also the consumer. It may however be mentioned that the actual price that may be paid by the mills, depends on their total realisation from the sale of both levy and free sale sugar. The Government of India do not fix the actual cane price payable by the mills. However, Chief Ministers of sugarcane growing States on the advise of Prime Minister, have tried to assure better actual prices for sugarcane consequently increasing the remuneration to farmers. In most of the States barring Maharashtra, the State Governments have fixed sugarcane prices ranging between Rs. 17 to 21 per quintal and on an average, farmers are getting around fls. 20 per quintal in a large number of zones in the country in different State,'. In regard to Maharashtra, the practice followed is that initially an interim cane price is announced. This has been announced at Rs. 16 per quintal by the State Government. Over and above this price at the end of the season when the total accounts of factories are known, additional price is paid to the growers depending on the average realizations by the factories. Since practically all the factories ate in the cooperative sector in Maharashtra, the additional realisations are passed on to the cane growers and thus the realised price is much higher than most of the States. This year also the actual realised price at the end of sugar sea 1980-81 for farmers in Maharashtra is expected to be substantially higher than the interim price. In view of the above there is no reason for apprehension in the minds of the farmers regarding their not getting remunerative price for sugarcane.

I would like to mention that despite the agitation, the production of sugar has recently shown encotnraging increase over the level of production last year. The following figures will show the position clearly: —

| Season | Sugar produc-tion upto 15th November (In lakh tonnes) | Number of facto-ries working as on 22nd November |
|---|---|---|
| 1980-81 . . . | 1.36 | 159 |
| 1979-80 . . . | 1.02 | 144 |
| *1978-79. . . | 1.77 | 151 |

*This was one of our good ^ears.

Similarly the following figures will indicate the position of sugar production in the States of Maharashtra and Uttar Pradesh in the current season and their comparison with similar periods in the previous two seasons: —

| Season | Sugar produc-tion upto 15th No-vember (In lakh tonnes) | Number of facto-ries working as on 22nd No-vember |
|---|---|---|
| *Uttar Pradesh* | | |
| 1980-81 . . . | 0.18 | 43 |
| 1979-80 . . . | 0.14 | 48 |
| 1978-79 . . . | nil | 39 |
| *Maharashtra* | | |
| 1980-81 . . . | 0.68 | 70 |
| 1979-80 . . . | 0.45 | 62 |
| 1978-79 . . . | 1.20 | 63 |

The above total will crearly indicate that the production of sugar in the States of Maharashtra and Uttar Pradesh has not suffered and in fact is better than last year.

As regards gur and khandsari, the production is'in the unorganized sector and in the absence of accurate figures of production, it is difficult to quantify the effect of the agitation, if any, on their production. However, in recent weeks, the prices of gur and khandsari have come down.

As I have already stated in this august House* on 18th November, 1980 that the agitation is essentially of a political nature and that only some sections of the farmers have unfortunately been misled by politically motivated persons. The Government have always kept fully in mind the interests of the farmers. I take this opportunity of appealing to the farmers not to be misled and to call off the agitation which ultimately will prove harmful to the interests of the farmers themselves and the country.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: 1 would like to inform the House that the House will rise at 1.00 and then at 2.30 the non-official business will be taken up. If the Calling Attention is not finished before 1.00, it shall be taken up after the Half-an-Hour Discussion is over in the evening. Shri Pandey.

**श्री नरसिंह नारायण पांडेय** : उप-सभापति जी, मुझे बहुत दुख है कि ये जो विरोधी दल वाले बैठे हैं बाहर तो गन्ना किसानों की बात कर॰॰ हैं और आन्दोलन करते हैं और यहां जब गन्ना किसानों का सवाल गन्ने की कीमत तय करने का सवाल सरकार के सामने आता है तो, श्रीमन् कहते हैं कि शुगर पोलीसी डिस्कस हुई है केन प्राइस तो नहीं डिस्कस हुई श्रीमन्, इन को यह भी पता नहीं है कि केन प्राइस का मामला क्या है और शुगर पॉलीसी का मामला क्या है देश में केन प्राइस क्या होनी चाहिये, किसान को क्या मिलना चाहिये और शुगर किस भाव पर बिकनी चाहिये या शुगर का प्रोडक्शन कसे बढ़ना चाहिये इन दोनों में फर्क तक नहीं समझते और कहते हैं कि कालिंग अटेंशन केन प्राइस पर तीन बार डिस्कस हो चुका है प्रोसीडिंग्स उठा कर देख लीजिये, एक बार भी डिस्कस नहीं हुआ है। यह नया सवाल मैं सदन के सामने पेश करना चाहता हूं।



श्रीमन्, मैं आज माननीय मंत्री जी के सामने यह कहना चाहता हूं कि केन प्राइस का यह मामला 1933 से लगातार चल रहा है। 1934 में पहली बार केन ग्रोअर्स की मीटिंग बुलायी गयी और केन प्राइस क्या मिनिमम फिक्स की जाय इस के बारे में भारत सरकार ने केन शुगर एक्ट बनाया और उसके तहत यू० पी० और बिहार ने भी बनाया और तमाम स्टेट गवर्नमेंट ने भी एक्ट बनाये कि मिनिमम केन प्राइस क्या हो। अन्ततोगत्वा आज हमारी सरकार ने इस बात को स्वीकार किया कि रिकवरी की बेसिस पर नहीं बल्कि क्वालिटी की बेसिस पर केन प्राइस तय होनी चाहिये। श्रीमन्, यह भार्गव कमीशन की रिपोर्ट है कि क्वा-लिटी की बेसिस पर प्राइस तय होनी चाहिये जिस से सप्लाई केन की फेक्ट्रीज में किसान ज्यादा कर सके, शुगर की रिकवरी बढ सके, शुक्रोज बढ सके और इस के लिये बहुत सी कमेटियां बनी, कुछ लोगों को आस्ट्रेलिया जा गया, कुछ को इंडोनेसिया भेजा गया अन्ततोगत्वा कानपुर का जो टेक्नोलोजिकल इंस्टीट्यूट है उसके मातहत फिर इस की जांच की गयी 10–15 फैक्ट्रियों में जा कर कि आज केन की प्राइस क्या हो और सब ने चाहे वह सेन कमीशन की रिपोर्ट हो' भार्गव कमीशन की रिपोर्ट

[श्री नरसिंह नारायण पांडेय]

हो, चाहे किसी दूसरे कमीशन की रिपोर्ट हो, यही कहा कि क्वालिटी को बेस मानकर केन प्राइस तय करनी चाहिये। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि आज जो भी नीति बनायेंगे केन प्राइस को तय करने के लिये—जैसा कि एक्ट में आज दिया गया है कि क्या केन प्राइस रेमुनरेटिव और मिनिमम केन प्राइस हो—तो आपको देखना पड़ेगा कि बाजार की प्राइस क्या है, अनाजों का भाव क्या है, ट्रैक्टर्स की लागत क्या है, जो इन-पुट्स किसान द्वारा इस्तेमाल किये जाते हैं उनकी कीमत क्या है श्रीमन्, मेरे सामने फिगर्स हैं लेकिन मैं सब फिगर्स दस मिनट में कोट नहीं कर सकता लेकिन फर्टिलाइजर्स के दाम आप देखिये आज दो हजार से चार हजार रुपये हो गये। यूरिया या दूसरे फर्टिलाइजर्स दो हजार से चार हजार रुपये हो गये। श्रीमन्, बिजली के दाम बढ़ गये, इरिगेशन का दाम बढ़ गया, लेबर का दाम बढ़ गया। सारी चीजों का दाम बढ़ गया उसके बाद भी शुगर बाजार में 10 रुपये बिकने लगी लेकिन किसानों को कुछ नहीं मिला आपने कहा था कि हम डेफर्ड पेमेंट करायेंगे आपने कहा था हम लिंकिंग फारमूला बनाने के बाद किसानों को अधिक लाभ में हिस्सा देंगे जो कोइ मुनाफा होगा वह केन ग्रोअर्स को दिया जायेगा आपने कहा था कि केन प्राइस प्रन्दह दिन के अन्दर अगर कोई नहीं देता तो 15 परसेंट उसके उपर इंटरेस्ट लगाकर उसको पेमेंट करायेंगे श्रीमन्, आप बताइये कितने करोड़ रुपये बाकी है, कितने परसेंट इंटरैस्ट केन ग्रोअर्स को दिया गया, कितना डेफर्ड पेमेंट में दिया गया, कितना लिंकिंग फारमूला में दिया गया।

श्रीमन्, आप देखेंगे कि कहीं पर यदि विपत्ति पड़ी है तो वह किसान पर पड़ी है इसलिये मैं कहता हूं कि सब आंकड़ों को देखें। मेरे पास फूड डिपार्टमेंट के आंकड़े हैं। सारे भाव बढ गये। इन-पुट्स के भाव बढ गये। भार्गव कमीशन ने कहा, दूसरों ने कहा जो कास्ट आफ प्रदर प्रोड्क्ट्स हैं उसके जो आंकड़े है जब मीनिमम केन प्राइस तय होगी तो ये आंकड़े सदन की मेज पर साया किये जायेंगे। माननीय मंत्री जी से मैं पूछना चाहता हूं कि ये आंकड़े कहां हैं? आप बतायें ये आंकड़े जिनकी बैसिस पर आपने केन प्राइस तय की फूड प्रोड्क्शन के आंकड़े कहां है, यह सदन जानने का हकदार नहीं है? यह भार्गव कमीशन, सेन कमीशन और दूसरी कमेटियों ने कहा है। श्रीमन्, मैं यह जानना चाहता हूं।

श्रीमन्, एक तरफ कहा जाता है कि सुकरोज कम है इसके नाम पर जोन बना दिया जाये 16 जोन में सारे देश को बांध दिया गया। 1961–62 से लेकर गन्ने की पैदावार पर क्या डेवलपमेंट एक्टिविटीज की गई हैं, केन डवलपमेंट का कौन सा तरीका अपनाया गया है, कौन सी बैरायटी गन्ने की पैदा की गई? क्योंकि आज जो उधर के बैठने वाले लोग हैं वे गांवों में जाकर किसानों का आन्दोलन करवा रहे हैं। मैं भी आल इंडिया किसान फैडरेशन का प्रेसिडेंट हूं, मैं भी केन ग्रोअर्स का प्रेसिडेंट हूं। इस सदन में हमेशा हमने केन ग्रोअर्स को लेकर लड़ाई की है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हमने कंज्यमर्स को छोड़ दिया है या लेबर के बारे में हमने कुछ नहीं किया है केन ग्रोअर्स को कभी उनका हक नहीं मिला लेकिन उनके साथ-साथ देश में उपभोक्ता को भी चीनी सस्ती मिलनी चाहिये और अगर ये सब चीजें देखी जायें तो मैं आपसे कहना चाहता हूं कि जो लेक्टोमीटर कानपुर के टेक्निकल इंस्टीट्यूट ने तैयार किया उसके द्वारा सुकरोज देखा जाता है लेक्टोमीटर के आधार पर आप

लोगों को प्राइस देते हैं लेक्टोमीटर से आप जूस निकालते है तो क्या वह गन्ने का जूस नहीं है ? उसकी बेसिक रिकवरी क्या है । फैक्टरी में जो ऐक्साइज इंस्पेक्टर बैठता है वह अगर 10 हजार टन की पिराई हुई है और 5 हजार टन प्रोडक्शन हुआ अगर वह 3 हजार टन की निकासी करा दे तो 5 हजार टन के ऊपर आप रिकवरी निकालेंगे ?

श्रीमन्, मैं कहना चाहता हू कि किसानों ने अपना फर्ज पूरा किया । आपके पास कोई टेक्निकल डिवाइस नहीं है। आपकी बेसिक रिकवरी में कोई फर्क नहीं है किसान को आपको देखना चाहिये कि क्या उसकी पैदावार हुई । केन डेवलपमेंट कहां तक हुआ है, खाद कहां तक मिल पा रही है। डेवलपमेंट के दूसरे साधन उसको कहां तक मिल रहे हैं इसीलिये मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि आप केन डेवलपमेंट को अपने हाथ में लीजिये जब तक आप डेवलपमेंट एक्टिविटीज नहीं बढ़ायेंगे तब तक केन की प्राइस को ठीक से नहीं दे सकते हैं ? मैंने तो केलकुलेट किया है, मैं मंत्री महोदय से कहना चाहता हूं कि उनके दफ्तर में या जहां भी वह चाहे वहां मैं जाकर उनको आंकडे देकर यह बता दूंगा कि कम से कम अगर आप आज की प्राइस में पांच रुपये तक लेवी प्राइस करना चाहते हैं तो कम से कम 20 रुपये आपको केन ग्रोअर के लिये तय करने होंगे । फिर गवर्नमेंट को कहना होगा दूसरे स्टेट्स को कि 25 रुपये या 30 रुपयें तक जितना वह प्राइस दे सकते हैं या देना चाहते हैं वे दे सकते है मैं मंत्री महोदय से चाहूंगा कि मेरे जो ये तीन चार प्रश्न हैं केन डेवलपमेंट का, उसकी एक्टीविटीज का, केन की बेराइटीज को ठीक करने का उन पर जवाब दे दें अगर यह हो जाता है तो जो हमारे सीजन होते, हैं अरली क्राप पकी हुई दूसरी क्राप, तीसरी क्राप उनको वह मिल सकते हैं । मैं कहना चाहता हूं कि क्या इसके डेवलपमेंट के लिये अपने टेक्नोलोजिकल इंस्टीट्यूट को कोई आदेश देंगे और इन सारी एक्टीविटीज को ठीक करने के लिये प्रदेश सरकारों के हाथ में जो है उनको अपने हाथ में लेंगे ? दो चार क्वेश्चन और मैं पूछना चाहता हूं ।

**श्री उपसभापति** : आपने सब बता दिया इनको दोहराइये नहीं ।

**श्री नरसिंह नारायण पांडेय** : मैं यह कहना चाहता हूं कि भार्गव कमीशन की सिफारिशों में कोई संतुलन लाने की कोशिश करेंगे ।

**श्री उपसभापति** : ठीक है सब बातें आ गई हैं ।

**श्री नरसिंह नारायण पांडेय** : तीसरे सबसे बड़ा सवाल यह पूछना चाहता हूं कि क्या आप इन सब चीजों को देखते हुए मिनिमम केन प्राइस 20 रुपये निश्चित करेंगे उनको देने के लिये ?

**श्री उपसभापति** : आप दोहराइये नहीं सब बातें आ गई हैं ।

**श्री नरसिंह नारायण पांडेय** : इसके साथ-साथ एक बड़ी इम्पोर्टेन्ट बात कहना चाहता हूं कि आज गुड़ और खंडसारी की जो स्थिति है वह बहुत खराब है आपको सोचना चाहिये कि जो खंडसारी की यूनिटें हैं वे चलती रहें इन सब बातों का आप जवाब दे दें ।

**श्री उपसभापति** : केन के बारे में जवाब दे दीजिए और खंडसारी को छोड़ दीजिए । इसमें दिक्कत आएगी ।

**राव बीरेन्द्र सिंह** : डिप्टी चैयरमैन साहब, माननीय सदस्य का बहुत ताल्लुक है किसानों से और वह शुगरकेन के डेवलप-मेंट के बारे में बहुत दिलचस्पी लेते रहे है। पुराने मेम्बर भी हैं पहले तो मैं उनसे यह अर्ज करना चाहूंगा कि मिनिमम स्टेट्युटरी प्राइस का कोई ताल्लुक किसानों से नहीं है। जो मिनिमम स्टेट्युटरी प्राइस हम तय करते हैं इससे कम किसानों को नहीं मिलना चाहिये क्योंकि इससे कम देने में किसानों को नुकसान होगा। इससे ऊपर किसान को जितना मिल जाता है उसमें सरकार की तरफ से कोई रुकावट नहीं है। ये देखना पड़ता है कि फैक्टरी कितना दे सकती है। 13 रुपये अभी हमने भाव तय किये, मिनिमम सपोर्ट प्राइस शुगरकेन के लिये। ए०पी०सी० ने साढ़े बारह रुपये रिकमेंड किया था। हमने दुबारा उनको कहा कि फर्टीलाइजर के भाव बढ़ गये है तब उन्होंने फिर 13 रुपये रिक-मेंड करके भेजा है। इसको सरकार ने मान लिया है इसके अलावा भी सरकार किसानों को ज्यादा से ज्यादा कीमतें दिलाने की कोशिश कर रही है। आप जानते हैं कि प्रधान मंत्री जी ने स्वयं चीफ मिनि-स्टरों को यह हिदायत दी है कि जितना फैक्टरीज की गुंजाइश हो उसके मुताबिक ज्यादा से ज्यादा दाम दिलाना चाहिये जैसा मैंने अपने बयान में कहा कि कम से कम 16 रुपये का सुझाव आया था। कोई सूबा ऐसा नहीं हैं जहां एवरेज 20 रुपये के करीब पर क्विटल शुगरकेन के किसानों को न मिले हों। 20 रुपये एवरेज जो किसानों को मिल रहा है यह काफी है। इससे किसानों को काफी फायदा हुआ है। नुकसान का कहीं सवाल ही नहीं है। जहां एजिटेशन चल रहा है वहां भी हमने प्राइस तय करने से पहले शुगर फैक्टरीज की एसोसिएशनों से पूछ लिया था। स्टेट गवर्नमेंट्स से हमने सलाह की। उन्होंने भी 16 रुपये माना है। जो शुगर मिल एसोसिएशन है और कोआपरेटिव शुगर मिल फेडरेशन है उन्होंने भी इसे ही माना है मैं आपको बताना चाहूंगा कि खुद महाराष्ट्र की शुगर कोआपरेटिव मिल फैडरेशन ने गवर्नमेंट को यह रिकमेंड किया कि 16 रुपये प्राइस होनी चाहिये। अगर आज वह 30 रुपये मागने लगते है तो इसमें कोई रीजनेबल बात नहीं बनती। इनके अलावा दूसरे स्टेट्स ने भी जैसा मैंने कहा शुगर मिल फेडरेशन ने 16 रुपये रिकमेंड की, यू०पी० गवर्नमेंट ने भी 15 रुपये रिकमेंड की, आन्ध्र प्रदेश के किसान सम्मेलन ने 15 रुपये रिकमेंड की और कर्नाटक के जो शुगर केन ग्रोअर की एसोसिएशन है उन्होंने तथा तमिलनाडु ने 25 रुपये की सिफा-रिश की थी। बाकी 15 रु० और

1·00 P.M.

16 रु० किसानों की एसोसिएशन ने रिकमेन्ड किया है। यही बात कोआपरेटिव शुगर मिल्स फेडरेशन ने रिकमेन्ड की है जो कि आज किसानों के आन्दोलन की सपोर्ट कर रहे हैं इसके मुताबिक आप यह देखेंगे कि जो 20 रु० करीब गन्ना उत्पादकों को मिल रहा है वह काफी है। आमतौर पर किसानों को इससे सेटिस-फेक्शन है। आज किसानों को जो भड़काया जा रहा है वह सिर्फ पोलिटिकल मोटिव से भड़काया जा रहा है। इस बात को मैं फिर दोहराना चाहता हूं ... (*Interruptions*) आपकी तसल्ली कभी नहीं हो सकती है जैसा कि मैंने कहा और पांडे जी ने भी कहा कि कंज्यूमर्स का भी ख्याल साथ-साथ रखा जाना चाहिए। मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि अगर गन्ने की सपोर्ट प्राइस में 1 रु० फी क्विटल बढ़ा दिया जाय तो उससे हमें कुल लेवी शुगर की कीमत 45 करोड़ रु० और फैक्टरियों को देनी पड़ेगी इसी तरह 10 रु० की बढ़ोत्तरी कर दी जाय तो कुल मिलाकर

450 करोड़ रु० और फैक्टरियों को देना पड़ेगा और अगर लेवी शुगर 3.50 रु० प्रति क्विटल ही तकसीम की जाय तो यह घाटा सरकार पर पड़ेगा। हमारे फैसले के मुताबिक 3.50 रु० पर लेवी शुगर जनता को देकर गन्ने की 20 रुपये के करीब कीमत आसानी से दिलायी जा सकती है क्या आप यह चाहेंगे कि गन्ने की सपोर्ट प्राइस बढ़ा कर कारखानों को फायदा पहुंचाया जाय और लेवी शुगर 3.50 रु० प्रतिकिलो से बढ़ाकर 6 रु० प्रति किलो पर बेची जाय ? यह सरकार चाहती है कि इस देश में गरीब से गरीब आदमी भी शुगर का जायका ले सके और इसीलिए सरकार ने चीनी की कीमत 3.50 रु० रखी है। फ्री मार्किट में जो रिलाइजेशन हो रहा है और जो फायदा चीनी मिलों को हो रहा है जैसा कि पांडे जी ने कहा, भार्गव कमीशन की रिपोर्ट के मुताबिक उसका 50 परसेन्ट फायदा फिर किसानों को डिस्ट्रिब्यूट हो रहा है और इस तरीके से जो लाभ शुगर मिल्स को होता है उसमें किसानों का आधा हिस्सा रख दिया गया है। इसके अलावा भी सरकार किसानों को फायदा देती है। सन् 1973-74 से पहले 9 परसेन्ट रिकवरी के ऊपर मिनिमम भाव तय होते थे। सन् 1973-74 के बाद सरकार ने, यह 8.5 परसेन्ट मुकर्रर कर दिया है जो मिनिमम प्राइस होगा वह साढ़े आठ परसेन्ट रिकवरी के ऊपर होगा। इसके बाद जितनी रिकवरी ज्यादा होगी उसके मुताबिक भाव बढ़ते चले जाएंगे जो शुगर केन फैक्ट्रियों में आता है उसका कायदा यह है कि 14 दिन के अन्दर अगर वे पेमेन्ट न करें तो उनको इंटरेस्ट देना पड़ेगा। यह बात भी कहां तक निभाई जा रही है, कितना किसानों को मिलता है, इस बारे में हम स्टेट गवर्नमेंट को कहते रहते हैं आप जानते हैं कि इसका सारा इम्प्लीमेंटेशन स्टेट गवर्नमेन्ट्स के हाथ में है।

उन्होंने एरियर्स की बात भी कही है सरकार का इस तरफ पूरा-पूरा ध्यान है। पिछले साल जो एरियर्स थे वह 2.7 परसेन्ट थे। इस साल 15 अक्तूबर तक ये घटकर 1.3 परसेन्ट रह गये हैं। इतने थोड़े एरियर्स शुगर केन ग्रोवर्स के कभी पिछले सालों में नहीं रहे यह सरकार की तवज्जह की वजह से हुआ है। शुगर केन ग्रोवर्स का हमें ध्यान है इसलिए मैं यह उम्मीद करता हू कि किसान इस एजीटेशन वाली बात को छोड़कर इस बात को महसूस करेंगे कि यह सरकार उनके लिए ज्यादा से ज्यादा फायदा करना चाहती है और करती रहेगी।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We shall now continue this discussion after the Half-an-Hour Discussion is finished in the evening. Yes, Mr. Sitaram Kesri.

## ANNOUNCEMENT RE. GOVERNMENT BUSINESS

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI SITA RAM KESRI): Sir, with your permission, I rise to announce that Government Business in this House during the week commencing 1st December 1980, will consist of: —

1. Consideration and passing of the following Bills, as passed by Lok Sabha:

(a) The Smugglers and Foreign Exchange Manipulators (Forfeiture of Property) Amendment Bill, 1980.

(b) The Territorial Army (Amendment) Bill, 1980.